हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 29 नवंबर 2024
[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज

IRON LIFE
IRON SHARPENS IRON

# Freedom RAIPUR RUN

## उद्‌घाटन समारोह

मुख्य अतिथि



**मान. टंकराम वर्मा**
खेल एवं युवा कल्याण
मंत्री (छ.ग. शासन)

विशेष अतिथि




**मान. पुरंदर मिश्रा**
विधायक
रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र

विशेष अतिथि



**मान. एजाज ढ़ेबर**
महापौर
नगर निगम, रायपुर

विशेष अतिथि



**मान. प्रमोद दुबे**
सभापति
नगर निगम, रायपुर

## समापन समारोह

मुख्य अतिथि



**मान. किरण देव**
प्रदेश अध्यक्ष
भाजपा (छ.ग.)

अध्यक्षता



**मान. दीपक बैज**
प्रदेश अध्यक्ष
कांग्रेस (छ.ग.)

विशेष अतिथि



**मान. गुरु खुशवंत साहेब**
विधायक
आरंग विधानसभा क्षेत्र

विशेष अतिथि



**मान. विक्रम सिंह सिसोदिया**
महासचिव
छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ

## 1 DEC 2024

**10 Km. & 5 Km. CATEGORIES**
**Marine Drive Telibandha Raipur (C.G.)**
**Time : 6.00 AM (Morning)**

Title Sponsor — Freedom Refined Sunflower Oil

Prayer Partner — परिमल भारतवासी अगरबत्ती, भारत देश कि सर्व श्रेष्ठ खुशबू

Associate Sponsors — CONCRETE TMT & PIPES (मजबूती ही हमारा विश्वास है), IB GROUP, ABIS, RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION BHILAI-CHHATTISGARH, R1

Health Partner — SANJEEVANI CANCER CARE FOUNDATION

Outdoor Partner — ASA ADVERTISING AGENCY

RAMA TMT BARS ANDAR SE ATOOT

Vachan Great Taste. Enriched Life

IFFCO

छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन, पंजीयन क्रमांक 3940, स्थापना वर्ष 2012

निजात
नशीले पदार्थों को ना, जिंदगी को हां।
सुरक्षा सेवा अनुशासन
रायपुर पुलिस छत्तीसगढ़

**(BIB Distribution on 30th Nov.)**
**Venue - Haribhoomi Office, Raipur**
**Time - 11 AM. to 4 PM.**
**Only Registered Participants for BIB***

## खबर संक्षेप

### माध्यमिक स्कूल में हुआ परख टेस्ट का आयोजन



**छुरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरदी संकुल केन्द्र -छुरा ब में कक्षा -6वीं में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं का परख 2024 का द्वितीय चरण की मॉक टेस्ट 25 नवम्बर को राज्य स्तर पर आयोजित किया गया। इसका निरीक्षण संकुल समन्वयक खोलबाहरा राम निषाद द्वारा किया गया। नोडल शिक्षक सुदामा प्रसाद लोधी व पर्यवेक्षक की भूमिका में रुपसिंह ध्रुव व शिवशंकर यादव रहे। परीक्षा उपरांत उपस्थित सभी परीक्षार्थियों का आनलाइन प्रविष्ट किया गया।

### मनरेगा से मोंहदा में चेकडेम का निर्माण



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय से 14 किमी दूर गरियाबंद विकासखंड के अंतिम ग्राम पंचायत मोहंदा कारीबाहरा नाला पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत चेकडेम का निर्माण किया गया है। इस चेकडेम निर्माण में 17.54 लाख रुपए लागत आई है। ग्रामीणों का कहना है इस चेकडेम निर्माण से आने वाले समय में क्षेत्र के किसा

### हड़ताल को मिल रहा कई संगठनों का समर्थन

**महासमुंद।** प्लेसमेंट कर्मचारियों का 10वें दिन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहा। हड़ताल में पेंशन संघ के अध्यक्ष अशोक गिरी गोस्वामी, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दिलीप तिवारी, आंगनबाड़ी संघ के उपप्रांताध्यक्ष सुधा रात्रे एवं आंगनबाड़ी सहायिका अध्यक्ष सुरेखा शर्मा द्वारा समर्थन देने पंडाल पहुंचे। हड़ताल में नगर पालिका परिषद महासमुंद व नगर नगर पंचायत तुमगांव के प्लेसमेंट कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आप का जिला स्तरीय सम्मेलन आज

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने बताया कि पार्टी का जिला स्तरीय सम्मेलन 29 नवंबर शुक्रवार को शहर के एक होटल में होगा। जिसमें जिला के सभी पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। सम्मेलन में आने वाले नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत चुनाव के संबंधित चर्चा की जाएगी। पश्चात जिला कार्यालय आम आदमी पार्टी का उद्घाटन किया जाएगा। इसके बाद सड़क मरम्मत की मांग को लेकर दोपहर 3 बजे पीडब्ल्यूडी कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। नों को लाभ मिलेगा।

पेज 11 के शेष...

### कलेक्टर ने नसबंदी...

रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जागरूकता रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर पुरूष नसबंदी के लिए लोगों को जागरूक करेगा। साथ ही जनसंख्या नियंत्रण में भागीदारी सुनिश्चित करवाने लोगों को प्रेरित करेगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पुरूष नसबंदी पखवाड़ा के तहत विभिन्न गतिविधियों का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये है। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ गार्गी यदु पाल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### रुचि के आधार...

छात्रों को सीए बनने की प्रक्रिया समझाई। लीड बैंक मैनेजर मोहम्मद मोफिज ने बैंकिंग क्षेत्र में नौकरियों के अवसरों पर जानकारी दी। पूर्व सेना अधिकारी पूरन पुसारिया ने भारतीय सेना और पुलिस भर्ती प्रक्रिया के बारे में बताया।

कार्यक्रम में एसडीएम राकेश गोलछा और विशाल महाराणा ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा की तैयारियों के चरणों को समझाया। अन्य अधिकारियों ने भी करियर संबंधी सुझाव दिए और बच्चों की शंकाओं का समाधान किया।

**फैसला :** शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए राज्य शासन का निर्णय

# पांचवी एवं आठवीं की होगी बोर्ड परीक्षा, फिंगेश्वर विकासखंड से 20 हजार छात्र-छात्राएं होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

अलग खबर

शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कक्षा पांचवी एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षाएं पुनः प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। मंगलवार को निर्णय लिया गया कि कक्षा दसवीं एवं 12वीं के तर्ज पर कक्षा पांचवी एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। पूर्व में परीक्षाएं जिला स्तर एवं संभाग स्तर पर प्रश्न पत्र तैयार कर आयोजित की जाती थी किंतु इस बार केंद्रीयकृत तरीके से कक्षा पांचवी एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा स्कूल में होगी किंतु केंद्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक दूसरे स्कूलों से होंगे। नवापारा-राजिम क्षेत्र के 20000 से भी अधिक विद्यार्थी कक्षा पांचवी एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे।

गौरतलब है कि वर्ष 2010 के बाद से पांचवी एवं आठवीं बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन नहीं हो रहा है। स्कूल स्तर पर ही परीक्षा आयोजित कर परीक्षाफल जारी कर दिया जाता था। लेकिन 15 वर्ष के बाद पुनः बोर्ड परीक्षा आयोजित करने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। पूरे प्रदेश में एक ही समय सारणी घोषित होगी एवं एक ही तिथि पर परीक्षाएं आयोजित होगीं। साथ ही साथ संपूर्ण राज्य का एक जैसा प्रश्न पत्र होगा। नवापारा-राजिम क्षेत्र के पूर्व प्राचार्य एवं शिक्षाविद आर बी शर्मा ने कहा कि कक्षा पांचवी एवं आठवीं में पुनः बोर्ड परीक्षा आयोजित होने से पढ़ाई के स्तर में सुधार के साथ-साथ शिक्षा व्यवस्था पर भी कसावट आएगी इससे न केवल छात्रों में पढ़ाई के प्रति रूचि एवं ज्ञान बढ़ेगा बल्कि शिक्षक भी अच्छे परीक्षा परिणाम लाने के लिए उत्सुक रहेंगे। साथ ही साथ परीक्षा परिणाम को लेकर जिम्मेदारी भी तय होगी।

राजिम बालक आदिवासी छात्रावास के अधीक्षक निश्चल खरे ने कहा कि प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा नींव होती है। उच्च शिक्षा का आधार है। बोर्ड होने से छात्र मन लगाकर एवं और भी अधिक मेहनत करेंगे, जिससे छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम सुधरेगा।

- 15 साल बाद फिर से इन दो कक्षाओं को लाया गया बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत
- पहले जिलास्तर पर होती थी, अब राज्यस्तर पर होगी केंद्रीयकृत
- सभी जिलों के विद्यार्थियों के लिए होगा एकसमान पेपर
- बोर्ड परीक्षा होने से शिक्षा के स्तर में सुधार होने की संभावना
- परीक्षा स्कूल में पर केंद्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक दूसरे स्कूलों से आएंगे
- किसी भी विद्यार्थी को फेल नहीं किया जाएगा

### शिक्षा विभाग की परीक्षा लेने की होगी जिम्मेदारी



### अनुत्तीर्ण छात्र को पुनः मिलेगा मौका

पांचवी एवं आठवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने की जिम्मेदारी शिक्षा विभाग की होगी। एवं किसी भी छात्र को फेल नहीं किया जाएगा। परंतु उसे अगली कक्षा में जाने के लिए 2 महीने के भीतर पूरक परीक्षा देनी होगी। नवापारा एवं राजिम क्षेत्र के स्कूल दो विकासखंड अभनपुर एवं फिंगेश्वर के अंतर्गत आते हैं। फिंगेश्वर विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी ने बताया कि फिंगेश्वर ब्लॉक के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक स्कूलों की संख्या 155 एवं माध्यमिक स्कूलों की संख्या 81 है। इसके अतिरिक्त निजी स्कूल भी संचालित है। विकासखंड में 10000 से अधिक छात्र-छात्राएं कक्षा पांचवी एवं आठवीं में अध्यनरत है जहां छत्तीसगढ़ बोर्ड के पाठ्यक्रम संचालित है। वही विकासखंड अभनपुर की विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू ने बताया कि ब्लॉक में 35 संकुल केंद्र अभनपुर विकासखंड के अंतर्गत 144 शासकीय प्राथमिक शाला एवं 94 माध्यमिक शाला संचालित है। इसके अतिरिक्त निजी स्कूल भी संचालित हैं। जहां छत्तीसगढ़ बोर्ड के पाठ्यक्रम लागू है। अभनपुर एवं फिंगेश्वर विकासखंड के लगभग 20000 से अधिक छात्र-छात्राएं देंगे।

## बोईरगांव-ठेमली पथर्री सड़क में गड्ढे राहगीर हो रहे हैं दुर्घटना का शिकार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय से महज 7 किमी दूर ग्राम बोईरगांव से लेकर ठेमली पथर्री 8 किमी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत महज तीन– चार वर्ष पहले सड़क मरम्मत कार्य किया गया था। सड़क मरम्मत कार्य में लाखों रुपए खर्च किए गए थे। लेकिन यह सड़क महज 1 साल के भीतर जगह- जगह से उखड़कर जर्जर हो गई है। सड़क में बड़े बड़े गड्ढे हो गये हैं। सबसे ज्यादा परेशानी सड़क उखड़कर नुकीली गिटटी में परिवर्तित हो गए हैं। सड़क के उपर चारों तरफ नुकीली गिटटी दिखाई दे रही है। दोपहिया वाहन के चक्के इसके उपर चलते ही या तो वाहन चालक फिसलकर गिरकर घायल हो रहा है या चक्के पंचर हो रहे हैं। पूर्व जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, देवी सिंह कमलेश, सरपंच सहदेव साण्डे व ग्रामीणों ने बताया कि सड़क मरम्मत की मांग कर थक चुके हैं, लेकिन इस ओर अब तक ध्यान नही दिया गया। जिसके कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत की मांग की है।

- लाखों की लागत से बनी सड़क एक साल के भीतर उखड़ी

**कलेक्टर ने जिला स्तरीय समीक्षा एवं परामर्शदात्री समिति की बैठक में दिए निर्देश**

## हितग्राहीमूलक बैंकिंग सुविधाओं से लोगों को करें लाभान्वित : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की 44वीं बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले में बैंकिंग गतिविधियों से संबंधित योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को हितग्राहीमूलक बैंकिंग ऋण सुविधाओं से लाभान्वित करने के निर्देश सभी बैंकिंग अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर ने बैठक में जिले के सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासकीय विभागों द्वारा प्रकरण प्रेषित किए जाते हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत करें। कलेक्टर ने हितग्राहीमूलक आवेदनों को शाखा में लंबित नहीं रखने के निर्देश दिये। कलेक्टर द्वारा जिन बैंक शाखा का ऋण अनुपात कम है उन्हें ऋण अनुपात निर्धारित समय सीमा में पूरा करने को कहा गया। साथ ही प्राथमिकता क्षेत्र, कृषि क्षेत्र, एमएसएमई ऋण वार्षिक लक्ष्य पूरा करने को कहा गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनकल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने बैंक शाखा स्तर ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक पंजीयन करने के निर्देश दिये।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, आरबीआई रायपुर एलडीओ अविनाश टोप्पों, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड पंकज सोनटके, अग्रणी बैंक प्रबंधक मोहम्मद मोफिज, महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग डीबी ध्रुव, उप संचालक कृषि चंदन राय, डीपीएम एनआरएलएम, प्रतिनिधि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, खादी ग्रामोद्योग, आदिवासी स्वरोजगार एवं अंत्योदय स्वरोजगार विभाग के अधिकारी एवं विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैठक में प्रधानमंत्री जनधन योजना अंतर्गत खोले गये बैंक खातों में आधार सीडिंग तथा रूपे कार्ड वितरण के प्रगति की समीक्षा की। साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की प्रगति, अंत्यावसायी स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, पीएम स्वनिधि योजना की जिले में प्रगति की समीक्षा की। हितग्राहियों को लाभान्वित करने के आवश्यक निर्देश दिये।

- प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति एवं अटल पेंशन योजना से लाभान्वित करने लगाएं शिविर

## असाक्षरों का चिन्हांकन कर बुनियादी शिक्षा से जोड़ें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा अनुशंसित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का प्रशिक्षण शासकीय ठाकुर दलगंजन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर में विकासखंड अंतर्गत समस्त प्राथमिक विद्यालय से एक सर्वेयर शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना पश्चात शुभारंभ हुआ प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू ने कहा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम एक राष्ट्रव्यापी योजना है इस योजना को हम सभी को मिलकर व्यापक स्तर पर काम करते हुए मूर्त रूप में परिणित करते हुए सफल बनानी है। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अन्तर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के समूह के असाक्षरों का चिन्हांकन कर उनके नाम असाक्षरों की सूची में चिन्हांकित कर जोड़ा जाए । 10 असाक्षरों को पढ़ाने के लिए एक स्वयंसेवी शिक्षक का चयन कर गांव के सामुदायिक भवन,रंग मंच के साथ स्थानीय स्तर पर सुविधानुसार भवन का चयन कर अध्यापन कराएंगे। ऐसे ही हर 10 असाक्षरों के पीछे एक स्वयंसेवी शिक्षक काम करेंगे। इस पुनीत कार्य के लिए स्थानीय निवासी मोहल्ले में निवासरत शिक्षक,, सेवानिवृत्त शिक्षक,10वी, 12वीं व कालेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सहायता ली जा सकती हैं जो स्वयं से पढ़ाने में इच्छुक हो । इस पुनीत कार्य में भागीदारी हेतु उन्हें सतत रूप से प्रेरित किया जावे । उक्त स्वयंसेवी शिक्षक को उनके कार्य के परिणामस्वरूप उन्हें राज्य, जिला स्तर पर सम्मानपूर्वक प्रशस्ति पत्र तथा दसवीं बारहवीं के छात्र-छात्राओं को बोनस अंक प्रदान किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में नोडल अधिकारियों के अलावा फिगेश्वर विकासखंड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय से एक - एक शिक्षक की उपस्थिति रही।

### ओड़िशा से छत्तीसगढ़ पहुंच रही है अवैध धान से भरी गाड़ियां : गोविंद

**मैनपुर।** देवभोग ब्लॉक के सीमावर्ती ओडिशा के गांवों से बेधड़क अवैध धान से भरी गाड़ियों की बेखौफ छत्तीसगढ़ आवाजाही हो रही है, कानून और प्रशासनिक दस्ते का भय ही नहीं रह गया है। व्यापारी धान को पिकअप में लदवा कर आराम से सीमा पार करा कर ला रहे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के जिला प्रवक्ता गोविन्द रेंगें ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा विष्णुदेव साय सरकार को धान खरीदी पर घेरा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में धान खरीदी प्रारंभ की गई है। धान खरीदी के शुरूआती दिनों में जहां प्रशासनिक अमले ने ताबड़तोड़ कार्रवाई किया उससे जनमानस में यही संदेश गया कि अब ओडिशा के धान को यहां खपाने की कोई जुर्रत नहीं कर पाएगा। अब इसके उलट धान खरीद कर छत्तीसगढ़ के मंडी में खपाने वालों के हौसले बुलंद हैं। सीमावर्ती नाके से रोज बड़ी संख्या में अवैध धान से भरी गाड़िया पार होकर छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर रही हैं। छत्तीसगढ़ के पट्टाधारी किसान अपनी ही फसल को मंडी तक लाने में सफल नहीं हों पा रहे हैं। उनके घर में रखे धान की बारम्बार जांच की जा रही है। इधर ओडिशा से धान खरीद कर छत्तीसगढ़ में लाने वाले को खुली छूट दी जा रही है । श्री रेंगे ने कहा अधिकारियों द्वारा अब तक की गई कार्रवाई से ही पता चलता है कि धान की बड़ी खेप का दूसरे राज्य से परिवहन हो रहा है।

## बिजली तार के नीचे मिंजाई कार्य न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



नवापारा विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता एस के गुप्ता ने कहा है कि वर्तमान में प्रदेश में धान मिंजाई का काम जोर-शोर से चल रहा है। थ्रेसर एवं हार्वेस्टर मशीन के माध्यम से मिंजाई के दौरान खेत-खलिहानों से गुजरने वाली विद्युत लाइनों के जरिए दुर्घटना की खबरें मिल रही है। इसे देखते हुए विद्युत विभाग की तरफ से एडवाइजरी जारी की गई है। कार्यपालन अभियंता श्री गुप्ता ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि धान मिंजाई के दौरान विद्युत लाइनों की सुरक्षा का ध्यान रखा जाए। नवापारा-राजिम सहित कोपरा, बासीन, कौंदकेरा,फिंगेश्वर, अभनपुर, चंपारण एवं खोरपा क्षेत्र के संबंधी सभी किसान इस दिशा में गंभीरतापूर्वक ध्यान दें। विद्युत तार के नीचे धान मिंजाई का काम न करें। उन्होंने बताया कि थ्रेसर एवं हार्वेस्टर से मिंजाई के दौरान खेत-खलिहानो के पास से गुजरने वाली एलटी 11 केव्ही तथा 33 केव्ही लाइनो में मिंजाई के दौरान उड़ने वाला पैरा या भूसा चिपक जाता है। सुबह ओस के कारण पैरा या भूसा में नमी आती है तब लाइनों के तार आपस में संपर्क में आ जाते हैं, जिससे विद्युत लाइनों में व्यवधान उत्पन्न होता है। इसके अलावा पास में रखे पैरा या भूसे के ढेर में शार्ट-सर्किट होने से आग लगने की संभावना भी लगातार बनी रहती है, जिससे जान-माल की हानि के अलावा विद्युत व्यवधान के साथ-साथ दुर्घटना की संभावना निर्मित होती है।

- कार्यपालन अभियंता ने किसान-मजदूरों से की अपील



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 29 नवंबर 2024

10 पांचवी एवं आठवीं की होगी बोर्ड परीक्षा फिंगेश्वर...



12 धान कटाई और मिंजाई में जुटे किसान नहीं मिल...








## खबर संक्षेप



### कॉलेज में मना संविधान दिवस

**राजिम।** शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना द्वारा संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना का पठन एवं शपथ ग्रहण किया गया। स्वयंसेवकों ने शपथ द्वारा भारत के संविधान की एकता व अखंडता को बनाए रखने की शपथ ली। प्रस्तावना के सामूहिक पाठन द्वारा स्वयंसेवकों ने समाज में एकता और सहयोग के भावना को बनाए रखने एवं संविधान के महत्व तथा इसके संदेश को प्रसारित करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर श्वेता खरे, प्रदीप टंडन, कमल नारायण, गुनीता, टिकेश्वर, भूमिका, अंजलि, खेमिन सहित कॉलेज के विद्यार्थी मौजूद थे।

### सीआरपीएफ जवान का गांव में हुआ स्वागत



**राजिम।** राजस्थान में ट्रेनिंग पूरा कर सीआरपीएफ के जवान खिलेश्वर साहू जब अपने गांव कोमा पहुंचा तो उनके मित्रों व ग्रामवासियों ने गुलाल लगाकर फुलमाला पहनाकर न केवल स्वागत किया, बल्कि स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। स्वागत करने वालों में चंद्रकांत निर्मलकर, मोहन बया, मलेश्वर धीवर, पीताम्बर साहू सहित अनेक ग्रामीण शामिल थे।

### पोखरा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन आज

**गरियाबंद।** जिले के फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पोखरा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 29 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। शिविर में ग्राम पोखरा सहित आसपास के गांवों के लोगों के मांग एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को शिविर में स्टॉल लगाकर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने एवं आम लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये हैं। यह शिविर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर पोखरा में आयोजित किया जाएगा।

### 1 दिसंबर को राजिम में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**राजिम।** राजिम के मंगल भवन में 1 दिसंबर रविवार को समाधान क्लब के तत्वावधान में स्वास्थ्य जागरूकता एवं परीक्षण शिविर का आयोजन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रखा गया है। क्लब द्वारा सभी नागरिकों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

### जनपद सरायपाली में प्लेसमेंट कैंप आज

**महासमुंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र महासमुंद द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 29 नवंबर 2024 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जॉब फेयर का आयोजन जनपद पंचायत सरायपाली में प्रातः 11 बजे से 2 बजे किया जाएगा।

---

**धान खरीदी : आक्रोशित किसानों ने केंद्र के गेट पर खड़ा किया ट्रैक्टर, पिकअप और बैलगाड़ी**

# बारदाना नहीं लाने वाले किसान खरीदी केंद्र से आउट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

गुरुवार को बेलटुकरी धान खरीदी केंद्र में 50 प्रतिशत पुराना बारदाना नहीं लाने वाले किसानों को खरीदी केन्द्र में प्रवेश करने नहीं दिया गया। बेलटुकरी, भैंसातरा, किरवई और लफन्दी के किसान अपने टोकन के साथ खरीदी केन्द्र पहुंचे थे, परंतु स्वयं का बारदाना नहीं लाने के कारण उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया। इससे नाराज किसानों ने गेट के सामने सड़क पर धान से लदे ट्रैक्टर, पिकअप, बैलगाड़ी को खड़ा कर दिए। समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष चेमन धीवर ने कहा कि राइस मिलरों के हड़ताल के कारण पुराना बारदाना नहीं मिला है और किसानों से धान खरीदी करने उनसे बारदाना मंगाया गया है, जिसका प्रति बारदाना 25 रुपये किसानों को भुगतान कराया जाएगा। ग्राम भैंसातरा के किसान टिकेश साहू, टीकूराम साहू, भरोसा साहू, नेमीचंद साहू, किरवई के किसान भुनेश्वर साहू, बेदराम साहू, छन्नू साहू, बेलटुकरी के किसान शंकर साहू, सुखदेव साहू, सुंदर साहू, लफन्दी के किसान संतोष कुमार, यशवंत साहू, लीलाराम, मुरारी साहू ने कहा कि 25 रुपये प्रति बारदाना सरकार किसानों को देने की बात कह रही है, परंतु बाजार से किसानों को 40 रुपये से 60 रुपये प्रति बोरा खरीदना पड़ रहा है, इसलिए सरकार किसानों को 25 रुपये की राशि न देकर स्वयं बोरा खरीदकर किसानों को उपलब्ध करवाए। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही ने इस संबंध में कहा कि राज्य सरकार की धान खरीदी नीति खामियों से भरा हुई है। किसानों को अभी भी टोकन काटने में परेशानी हो रही है।





### सर्वर डाउन, नहीं काट पा रहे टोकन

सर्वर डाउन के कारण 60 प्रतिशत किसान भी स्वयं ऑनलाइन टोकन नहीं काट पा रहे हैं। सरकार को चाहिए कि शत प्रतिशत नए बारदाने का विकल्प खोला जाए, जिससे समितियों में उपलब्ध नए बारदाने से खरीदी हो। इससे किसानों को उपज बेचने में किसी प्रकार परेशानी नहीं होगी। कहा कि 3100 रुपये एकमुश्त किसानों को प्राप्त नहीं हो रही है, जबकि 3217 रुपये प्रति क्विंटल किसानों का हक बनता है। केन्द्र द्वारा बढ़ाई गए 117 रुपये प्रति क्विंटल का लाभ किसानों को मिलना चाहिए।

### खरीदी के चंद दिनों में ही परेशान होने लगे किसान : रामकृष्ण ध्रुव

मैनपुर। ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा भाजपा सरकार में किसान खरीदी शुरू होते ही परेशान होने लगे हैं। धान बेचने के लिए किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विभिन्न संग्रहण खरीदी केन्द्र में किसानों से सूखता के नाम पर 300–400 ग्राम तक अतिरिक्त धान तौला जा रहा है। किसानों को बारदाना नहीं मिल रहा है। बारदाना के लिए भटकना पड़ रहा है। धान खरीदी केन्द्रों में पेयजल और मूलभूत सुविधा की कमी है, जिससे किसान बेहद नाराज है। अन्नदाता किसानों के हितों की राज्य सरकार द्वारा अनदेखी की जा रही है। श्री ध्रुव ने कहा राज्य सरकार बारदाना



की कोई कमी नहीं है, बोलकर सिर्फ किसानों को गुमराह कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और है खुले बाजार से 30–40 रूपये में फटे बारदाना खरीदने मजबूर हो रहे हैं। श्री ध्रुव ने कहा किसानों को टोकन के लिए चक्कर लगाना पड़ रहा है। क्षेत्र के अधिकांश किसानों के पास आज भी मोबाईल इंटरनेट की सुविधा नहीं है। लगातार किसानों की शिकायत आ रही है। ऑनलाईन माध्यम से टोकन काटने के लिए वे मोबाइल द्वारा बारबार एप्प में प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण दो से तीन दिन बाद उनका नंबर लग रहा है, जिससे उनका कार्य प्रभावित हो रहा हैं।

## धान बिक्री करने स्वयं का बारदाना लेकर खरीदी केंद्र पहुंचे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

शासन द्वारा विभिन्न केन्द्रों में 14 नवंबर से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ है, लेकिन नवंबर के अंतिम सप्ताह में पहुंचते पहुंचते धान खरीदी व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। इससे धान बेचने आए किसान हलकान हो रहे हैं। रसेला धान खरीदी केंद्र के प्रभारी प्रबंधक पंकज कुमार यादव और प्रधिकृत अधिकारी भुवेन्द्र मरकाम द्वारा समिति क्षेत्र के आने वाले ग्राम पंचायतों रसेला, मेडकीडबरी, कुडेरादादर, मुढीपानी, रूवाड, दादरगांव नया, पडरीपानी गोंड सहित सभी पंचायतों के हर ग्राम में पुराना बारदाना अभाव के कारण किसान अपने धान के टोकन मात्रा के अनुपात में स्वयं का अपने जूट बारदाना 50 प्रतिशत किसान खुद लायेंगे, ताकि धान खरीदी कार्य सूचारू रुप से संचालित किया जा सके और किसानों को प्रति बारदाना 25 रुपए शासन द्वारा किसान के बचत खाते में जमा किया जावेगा। ऐसे मुनादी गांव के कोटवार द्वारा की जा रही है। खरीदी केंद्र कनसिघी में आज से 4 रोज हो रहा है किसान खुद बारदाना लाकर धान बेच रहे हैं। कनसिघी के किसान ने बताया कि उन्हें धान संग्रहण केन्द्र में पर्याप्त बारदाना नहीं मिल रहा है, जिसके कारण उन्हें खुले बाजार से पुराने जूट के बोरे ऊंचे भाव पर खरीदकर संग्रहण केन्द्र तक अपना धान भरकर ले जाना पड़ा है। जो बारदाना पहले 15 रुपए नग में बिक रहा था, वह अब एक तरफ जंप लेते हुए 24 रूपए से 25 रुपए प्रति नग पर बिक रहा है। वहीं अनेक धान खरीदी केन्द्रों में बारदाना की किल्लत के चलते किसानों को पचास फीसदी बारदाना स्वयं का लाने पर

■ केंद्रों में बारदाना की समस्या का समाधान करने गांव-गांव में कराई जा रही मुनादी



ही धान खरीदने का प्रस्ताव दिया जा रहा है। कुल मिलाकर धान खरीदी केंद्र में अधिकांश स्थानों पर बारदाने की किल्लत के चलते शासन की धान खरीदी योजना को आघात पहुंचा है। फलस्वरूप किसान रूष्ट व नाराज प्रतीत हो रहे हैं।

### किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

क्षेत्र के किसान केशुराम ध्रुव, ठाकुरराम चन्द्राकार, तेजराम साहू, सुकालू साहू, प्रितराम सिन्हा, भागवत सिन्हा, मकरम ठाकुर, नारायण सिन्हा, जयलाल यादव, राधे सेन, रवि चन्द्राकार, रिखी दास मानिकपुरी, कल्याण सिंह ठाकुर, अशोक ठाकुर, लोकराम यादव, नंदकिशोर यादव, भावसिह मरकाम, संतराम कोमर्रा, धनीराम यादव, छन्नू ठाकुर, कमलेश्वर नायक, देवलाल बारिक, नारायण सिंह ठाकुर, दयाराम नागेश, झवर अग्रवाल, कृष्णा गुप्ता, चेतन नागेश, अलाल सिंह नागेश, दयालूराम कंवर सहित सभी कृषकों ने कहा कि प्रशासन इस समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हर हाल में पूरा करें, नहीं तो हम सभी किसानों द्वारा विरोध प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

---

## कलेक्टर ने नसबंदी जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

परिवार नियोजन में पुरुष भागीदारी को बढ़ावा देने और नसबंदी के पुरुष तरीकों जैसे पुरुष नसबंदी और कंडोम के उपयोग को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों के क्रम में, हर साल पुरुष नसबंदी पखवाडा मनाया जा रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी परिवार नियोजन कार्यक्रम में पुरुषों की सहभागिता बढ़ाने के लिये पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन नवंबर माह में किया जा रहा है। पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 21 नवंबर से शुरू हो गया है, यह 4 दिसंबर तक आयोजित किया जायेगा। इसी तारतम्य में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से पुरूष नसबंदी जागरूकता ▶▶ शेष पेज 10 पर




### 4 दिसम्बर तक चलेगा विशेष पखवाड़ा

## रुचि के आधार पर करें कॅरियर का चयन : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

■ बारहवीं के बाद बेहतर भविष्य के लिए करियर काउंसिलिंग का आयोजन

कलेक्टर दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के अधिकारियों ने स्कूली बच्चों को करियर गाइडेंस प्रदान करने के लिए गरियाबंद के वन विभाग ऑक्सन हॉल में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया और करियर चयन व सफलता के गुर सीखे। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि कक्षा 12वीं के बाद अपने रुचि के आधार पर करियर का चयन करें। जल्दबाजी में या दूसरों की देखा-देखी से बचें। उन्होंने कहा कि सही करियर का चयन भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास से सफलता मिलती है।




**विशेषज्ञों ने दिए सुझाव-** कार्यक्रम में एसपी निखिल राखेचा ने सिविल सेवा की तैयारी के टिप्स दिए। उन्होंने सिलेबस के अनुसार अध्ययन, समाचार पत्र पढ़ने और नियमित अभ्यास की सलाह दी।

डॉ. इंदिरा कपिल ने मेडिकल परीक्षा की तैयारी की रणनीति समझाई। न्यूक्लियर वैज्ञानिक किंग चौबे ने शोध और विज्ञान के क्षेत्र में करियर विकल्पों की जानकारी दी। प्रोफेसर चंद्रकांत ने पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों के महत्व और खेल क्षेत्र में करियर के विकल्पों पर प्रकाश डाला। सीए विजय चंद्राकर ने कॉमर्स के ▶▶ शेष पेज 10 पर

---

**बारदाने पहुंचने से किसानों में हर्ष, धान बेच सकेंगे**

# चरौदा उपार्जन केन्द्र में 10 मिलर्स कोटे का पहुंचा बारदाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

■ कर्मचारियों ने ली राहत सांस

गरियाबंद जिले में धान खरीदी जोर-शोर से चल रही है। फिंगेश्वर अन्तर्गत उपार्जन केन्द्र चरौदा में धान खरीदी के लिए मिलर्स कोटे के बारदाना उनकी हड़ताल के चलते नहीं पहुंच रहे थे। जिसमें चरौदा केन्द्र में बवाल हो गया था। बात विधायक रोहित साहू तक पहुंची। उन्होंने किसानों की इस समस्या को गंभीरता से लिया। विधायक ने सहकारिता मंत्री केदार कश्यप और खाद्य मंत्री दयालदास बघेल से मुलाकात कर इस समस्या को हल करने आग्रह किया। जिला विपणन संघ अधिकारी गरियाबंद अमित चन्द्राकर निरंतर प्रयास में लगे थे। परिणामस्वरूप गुरुवार को दुर्गा राइस मिल से 10 हजार बारदाना उपार्जन केन्द्र चरौदा को मिले। इससे पहले मिलर्स का बारदाना नहीं पहुंचने पर नवनियुक्त प्राधिकृत ईतवारी सिन्हा, प्रबंधक संतु साहू लिपक रूपेन्द्र, हेमन्त साहू काफी परेशान थे। अब बारदाना पहुंच जाने से कर्मचारियों ने जहां राहत की सांस ली, वहीं किसानों में भी हर्ष व्याप्त है। किसानों का कहना है कि अब वो असानी से धान बेच पाएंगे। क्षेत्र के अन्य केन्द्र बारूला, परसदाकला में भी जल्द बारदाना पहुंचने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि धान खरीद के बाद प्रमुख विषय है कस्टम मिलिंग, लेकिन अब तक कस्टम मिलिंग नीति को लेकर राइस मिलर्स ने अपनी सहभागिता नहीं जताई है और वह अभी भी हड़ताल में हैं।



**चरौदा केन्द्र में कांग्रेस का हल्ला बोल-** चरौदा धान खरीदी केंद्र बारदाना क़िल्लत की सूचना मिलने पर जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद भावसिंह साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं संग हल्ला बोल कार्यक्रम रखा गया। इन्होंने भाजपा सरकार एवं मुख्यमंत्री को बारदाना कमी का जिम्मेदार ठहराते हुए कोसा गया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्राधिकृत अधिकारी ईतवारी सिन्हा,भाजपा कार्यकर्ता व सरपंच टिकेश साहू सिर्रीखुर्द, सरपंच सेंदर टिकेश्वर साहू ,हरिराम साहू,टोपेश साहू ,अभय सिन्हा ने भाजपा सरकार के बचाव करते कांग्रेसियों के सामने अपना पक्ष रखा । आगे भी बारदाना की किल्लत नहीं होगी किसानों को आश्वासन दिया गया। खरीदी व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित है। मिलर्स की हड़ताल के चलते बारदाना नहीं मिला था, आज 10 हजार बोरे पहुंच गए हैं। जिला विपणन संघ अधिकारी गरियाबंद अमित चन्द्राकर ने कहा कि चरौदा उपार्जन केन्द्र में मिलर्स बारदाना 10 हजार पहुंच गए हैं।








पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

खबर संक्षेप



## जनजाति गौरव दिवस पर छात्रों ने दी विभिन्न प्रस्तुति

**मैनपुर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मैनपुर में जनजाति गौरव दिवस के तहत 15 से 26 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन छात्र छात्राओं द्वारा किया। इस दौरान कार्यक्रम में बिन्द्रानवागढ़ के पूर्व विधायक कुमार ओंकार शाह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम, कल्याण सिंह कपिल, ग्वाल सिंह सोरी, रामभरोसा नेताम, उमेन्दी कोर्राम, आनंद कुमार नेताम, बिरेन्द्र ठाकुर, दिपेन्द्र दिवान, प्राचार्य नागेन्द्र राणा सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठजन उपस्थित थे। इस दौरान पूर्व विधायक कुमार ओंकार शाह ने समापन समारोह में सभी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा जनजाति गौरव दिवस पर यहां विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निश्चित रूप से छात्र छात्राओं को आदिवासी समाज और इतिहास तथा अपने महापुरूषों के बारे में और अधिक जानने का अवसर मिला। उन्होंने आदिवासी समाज के विकास उत्थान एवं शैक्षणिक स्तर को सुधारने पर जोर दिया।

## खैरझिटी के बच्चों ने न्योता भोज में खाया खीर-पूरी



**फिंगेश्वर।** शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला खैरझिटी में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। बच्चों को मध्यान्ह भोजन मीनू चार्ट के अलावा पोषण आहार के रूप में खीर, पूरी, बड़ा दिया गया। यह आयोजन शिक्षिका अंजू वैष्णव एवं दयानंद साहू ने अपने जन्मदिन पर कराया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों को अधिक से अधिक पौष्टिक आहार देना व शिक्षक, बालक, पालक के बीच सौहाद्रपूर्ण पारिवारिक वातावरण का निर्माण करना है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत खैरझिटी के सरपंच सियाराम ध्रुव, उपसरपंच नंदलाल ध्रुव, पंच चंद्रशेखर ध्रुव, सचिव हुलसी साहू, संस्था प्रमुख दिनेश कुमार सोनी, तुलसी ध्रुव, शिक्षिका ममता साहू, दिलीप साहू, जागेश्वर साहू स्वास्थ्य विभाग जामगांव के सभी स्टाफ एवं रसोइया कौशिलया ध्रुव, सावित्री ध्रुव, गायत्री ध्रुव एवं दोनों विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं एवं पालकों का विशेष सहयोग रहा।

## हेमंत बने भेंरी सोसायटी के प्राधिकृत अधिकारी



**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी सोसायटी में हेमंत साहू को प्राधिकृत अधिकारी बनाया गया है। इन्हें ग्रामीणों ने बधाई दी है।

### निधन

## डिगेश्वरी साहू



**राजिम।** रांवड़ के 15 वर्षीय बालिका डिगेश्वरी साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में पिता भूषण साहू के अलावा ओमप्रकाश साहू, तुलसी यादव, जगत साहू, श्रीराम साहू, डॉ. नारद साहू, प्रकाश साहू साहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## सुशीला बाई साहू



**छुईहा- बेलर।** बेलर निवासी 52 वर्षीय सुशीला बाई साहू का गुरुवार को निधन हो गया। वह तहसील साहू के कार्यकारणी अध्यक्ष बिष्णु राम साहू की पत्नी थीं। उनके निधन पर ग्रामीणों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

**किसानी : ग्रामीण क्षेत्र में मजदूरों से धान की कटाई को दिया जा रहा महत्व**

# धान कटाई और मिंजाई में जुटे किसान, नहीं मिल रहे मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय सहित पूरे विकासखण्ड क्षेत्र में इन दिनों धान कटाई और मिंजाई का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। इसके चलते नगर सहित गांव की गलिया दिनभर सुनी रहती है। किसान परिवार सुबह से देर रात तक खेत खलियान में नजर आ रहे हैं। किसान जल्द से जल्द धान की कटाई कर मिंजाई कार्य में जूटे हुए हैं, जिसके कारण इन दिनों मजदूर नहीं मिल पा रहा है। कई किसान मशीन हार्वेस्टर, थ्रेसर का सहारा ले रहे हैं, जिससे जल्द से जल्द धान कटाई हो सके मशीन से धान की कटाई के बाद इसे किसान सुखाने में लगे हैं। आज भी मैनपुर सहित ग्रामीण क्षेत्र में पारंपरिक रूप से धान कटाई मजदूर के माध्यम से किसान कराना ज्यादा पसंद करते है और खेत खलियान में इन दिनों किसान जहां धान को काटकर खलियान लाकर देर रात तक मिंजाई कार्य में जूटे हैं।

सुबह से किसान व मजदूर धान कटाई करने खेतों के तरफ निकल जाते हैं और देर शाम को वापस लौट रहे हैं, जिसके चलते गांव सुना सुना नजर आने लगा है। क्षेत्र के मैनपुर, भाठीगढ़, हरदीभाठा, गोपालपुर, गौरघाट, देहारगुड़ा, जाड़ापदर, जिड़ार, नहानबिरी, तुहामेटा, कोनारी, कोदोभाठ, बरदूला, मैनपुर कला, फुलझर, बोईरगांव, अड़गड़ी, कोयबा, शोभा, गोना, गौरगांव, उंदती, इंदागांव, कुरूभाठा, गरहाडीह, कोकड़ी, बरगांव साहेबिनकछार, फरसरा, खोखमा, धरनीधोड़ा, बुरजाबहाल, साल्हेभाठा, दबनई, सरगीगुड़ा, मटिया, कोदोभाठा, छोटेगोबरा, छैलडोंगरी, भेजीपदर, काण्डेकेला, गोलामाल, बिरीघाट, उसरीजोर, गुढ़ियारी, मंदागमुड़ा आदि ग्रामो मे किसान धान कटाई कार्य करते दिखाई दे रहे है वहीं किसान जीवन मरकाम, मुकेश कपिल, सुनाराम, अमृत नागेश, सियाराम ठाकुर ने बताया कि धान कटाई कार्य जोरशोर से चल रहा है और किसान धान कटाई और उसकी सुरक्षा में जूट गये हैं। किसानों ने बताया हार्वेस्टर, थ्रेसर मशीन के साथ धान की कटाई प्रारंभ कर दिये हैं। साथ ही मजदूर के माध्यम से भी धान की कटाई की जा रही है। किसानों ने यह भी बताया कि धान की फसल में तरह-तरह की बीमारियों से किसान परेशान हो रहे हैं। धान पक कर तैयार हो चुकी है, लेकिन इसमें कटवा के साथ लाई फुटा बीमारी का सर्वाधिक प्रकोप देखने को मिल रहा है, जिसके कारण किसान बेहद परेशान है और जल्द से जल्द धान की कटाई कर लेना चाह रहे हैं।



**स्कूली बच्चे भी पालकों के साथ धान कटाई में व्यस्त**

ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में इन दिनों दर्ज संख्या बेहद कम हो गई। कारण धान कटाई और मिंजाई का कार्य जोरों पर है। किसानों का ज्यादातर समय खेतों में खप रहा है। धान को सहेजकर रखने में भारी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के कई ग्राम हाथी प्रभावित है, जिसके कारण किसान भारी परेशान है। वहीं खुले में घुमने वाले मवेशी भी किसानों को परेशान कर दिया है। धान कटाई के बाद फसलों की सुरक्षा किसानों के लिए एक चुनौती बन गई है, तो कई किसान धान बेचने के लिए मशक्कत करते दिखाई दे रहे हैं। सुबह से शाम तक बारदाना और टोकन के लिए चक्कर लगा रहे हैं।

## मोदी सरकार की कृषि नीति से बढ़ी किसानों की आय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ग्रामीण सेवा सहकारी समिति सिवनी में नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी दीपक शर्मा द्वारा पद्भार ग्रहण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक इन्द्रकुमार साहू,जिपं.सदस्य खेमराज कोसले, प्रदीप शर्मा, जनपद सदस्य सूरज साहूएवं अभनपुर ब्रान्च के सभी समितियो के प्राधिकृत अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कृषको को संबोधित क रते कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है यहां की अर्थव्यवस्था किसानो के मेहनत के दम पर आज इस मुकाम तक पहुंची है किसानो को और अधिक वैज्ञानिक पद्धत से अलग अलग फसलो को लेने के लिए हमारी सरकार प्रयास कर रही है किसानो को पारंपरिक खेती के अलावा अन्य फसलो के उत्पादन लेने प्रयास करना चाहिए तभी मोदी सरकार की किसानो की आय दोगुनी करनी की परिकल्पना साकार होगी। धान खरीदी मे किसानो को अधिक से अधिक सुविधा मुहैया कराने के लिए सरकार सभी स्तर मे प्रयास कर रही है अभी शुरूवाती दौर है आने वाले 2 महीने तक धान खरीदी की जायेगी किसान धैर्य रखे सरकार किसानो की एक एक दाना धान खरीदने के लिए वचनबद्ध है। इस अवसर पर रविसूदन पटेल, विजय सिन्हा,अनिल कुमार साहू, लीला राम साहू, बिसाहू बैस,हेमलाल लहरी, श्रीमति जितेश्वरी साहू, भागवत सोनकर,अलख बंजारे, विनोज चन्द्राकर,गोपाल दास हरवंश, किशोरी लाल पाल,पुनाराम कोसले, दुर्जन दास आदि समिति के पदाधिकारी व कृषकगण उपस्थित रहे।

## सुंदरकेरा में गोपाल ने किया पदभार ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति सुंदरकेरा में प्राधिकृत अधिकारी गोपाल साहू ने कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शासन ने जिस विश्वास के साथ सहकारी समिति में अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। उसे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निभाउंगा तथा किसानो के हित में कार्य करने हर संभव प्रयास करूंगा। धान खरीदी में किसानो को कोई परेशानी न हो इस बात पर विशेष ध्यान देंगे। पदभार ग्रहण करने के दौरान सुंदरकेरा सरपंच नत्थूराम साहू, भाजपा जिला महामंत्री परदेशी साहू, सरपंच सेवाराम यादव, रमेश वर्मा, टीकू यादव ,गेन्दलाल वर्मा ,टीकाराम ,मिलेश वर्मा ,जगदीश साहू ,नरेंद्र साहू ,रामजी ,संतराम बारले ,सोनू साहू ,हेमंत साहू ,पप्पू साहू,ओंकार यादव मौजूद थे।

## जिला स्तरीय सिरजन लोक कला महोत्सव व भवन लोकार्पण-भूमिपूजन फुलझर में आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

■ विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू होंगे शामिल

छत्तीसगढ़ और गरियाबंद जिले का बहुआयामी संस्था सिरजन लोक कला साहित्य के संरक्षण और लोक कलाकारों के कल्याण में विगत दस वर्षों से संचालित है, जो प्रतिवर्ष स्वयं मंच सजाकर नवोदित और पुराने कलाकारों को मंचीय अवसर कर सम्मानित करते हुए विलुप्त हो रहे लोक संस्कृति सभ्यता को बचाने का पहल कर रही है।

इन्ही उद्देश्यों को लेकर शुक्रवार को जिला स्तरीय सिरजन लोक कला महोत्सव और निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन कार्यक्रम ग्राम फुलझर घटारानी में रखा गया है, जिसमें दोपहर 12 बजे से कलाकारों द्वारा पंथी पण्डवानी राऊत नाचा सुआ। आदिवासी नृत्य भरथरी लोक मंच जसगीत नाचा मंगल चौंका सतनाम भजन कायाखण्डी भजन और लोकगीतों की प्रस्तुतियां होगी। साथ ही साथ ग्राम में विभिन्न मदों से निर्मित भवन और निर्माणाधीन कार्यो का शिलान्यास और भूमि पूजन कार्यक्रम राजिम विधायक रोहित साहू और पूर्व सांसद चंदूलाल साहू और आंचलिक जनप्रतिधियों के करकमलों द्वारा किया जाएगा।



**प्रदेश और जिले के कलाकार प्रस्तुत करेंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम**

जिला सिरजन के संस्थापक गौकरण मानिकपुरी, केन्द्रीय प्रतिनिधि डांस ईश्वर तारक, अध्यक्ष सेवक ठाकुर ने बताया कि इस महती कार्यक्रम में आमंत्रित जनप्रतिनिधियों और सिरजन के प्रदेश पदाधिकारी और अन्य अतिथियों में जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, पाण्डुका मण्डल अध्यक्ष संदीप पाण्डेय सामाजिक कार्यकर्ता डा. रुपसिंह साहू, महामंत्री किशन कण्डरा, प्रकाश सिन्हा, खोवा राम साहू, अनिल साहू, रेखराम साहू, जहुर दीवान, हरिश्चंन्द्र तारक, सरपंच सुनीति रमेश ध्रुव, पूर्व जनपद सदस्य तारण ध्रुव, संतु ध्रुव सहित सिरजन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीनदयाल साहू, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प बोर्ड के रीजनल मैनेजर, बीके साहू लौह विकास बोर्ड के संचालक शंकर लाल विश्वकर्मा और लोक प्रयाग ई डी डायरेक्टर राजेश कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

कार्यक्रम की तैयारी में सिरजन प्रमुख और मया के संदेश छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच के कलाकार जुटे हुए हैं जिसमें यश कुमार साहू नंदकुमार ध्रुव, बाबूलाल साहू, दशरथ, तारक, विजय पटेल, पोखराज साहू, मोहन, मुरारी, मानिकपुरी, चोवा रामयादव, जय राम दीवान, संतोष दीवान, लेखराज साहू, रामचंद दीवान जुटे हुए हैं। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार हलधर नाथ जोगी कोपरा और संरक्षक नूतन लाल साहू पाण्डुका करेंगे।

## अवैध शराब, गांजा बिक्री पर रोक लगाने थानेदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

अवैध शराब, गांजा बिक्री के खिलाफ सर्व अनुसुचित जाति कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष दयालुराम गाड़ा एवं सर्व अनुसुचित जाति कल्याण समिति के प्रदेश युवा अध्यक्ष संत किशन कोसरे ने थानेदार को ज्ञापन देकर कहा है कि अवैध शराब, गांजा, नशे की गोली से शहर के नाबालिक युवक -युवतियां एवं स्कूली छात्र-छात्राएं लगातार शिकार हो रहे है। अध्यक्ष द्वय ने ज्ञापन में थानेदार से कहा है कि इसके साथ ही सट्टा एवं जुआं भी चरमसीमा में है। इन पर कार्रवाई की जाए, यदि कार्रवाई नहीं होती है तो पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक में महिलाओं तथा छात्र-छात्राओं को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी पूरी जवाबदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन में दयालुराम गाड़ा, किशन कोसरे, मनीष यदु, हुलास साहू, हर्षवर्धन कोसरे, रवि कोसरे, टिकेश्वर, संगीता रात्रे, अनिकेत कोसरे, नवीन डहरिया, बुंदा बाई, दुर्गा, सीता सोना, गीतु, माधुरी, सरिता साहू, डिलेश्वरी साहू, चंपा साहू सहित 97 महिलाओं एवं मुहल्लेवासियों का हस्ताक्षर है। ज्ञापन की प्रतिलिपि पुलिस कमिश्नर, एसएसपी, सीएसपी माना एवं क्राइम ब्रांच रायपुर को प्रेषित किया गया है।



## जनप्रतिनिधियों ने की प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव से मुलाकात

**राजिम।** एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव से भाजपा के कार्यकर्ताओं सहित अनेक लोगों ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश साहू, कोषाध्यक्ष राहुल सेन, साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, किसान मोर्चा के अध्यक्ष मनीष हरित, पूर्व अध्यक्ष मिंजुन साहू सहित खुशी साहू, मधु नत्थानी, जवाहर शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

## संविधान दिवस पर छात्रों ने निकाली रैली और लगाए नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय रामविशाल पांडे उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्राचार्य संजय एक्का के मार्गदर्शन में संविधान दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने रैली निकाली और नगर भ्रमण किया। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने संविधान संबंधी नारे लगाए। रैली के दरमियान संविधान हमारी शान है एकता की पहचान है, संविधान में है आस्था, मत चुनो गलत रास्ता भारत का जो संविधान है, हर भारतवासी का अभिमान है संविधान दिवस अमर रहे आदि नारों से राजिम शहर गूंजता रहा। रैली में विद्यार्थियों के साथ-साथ राजीव गांधी शिक्षा मिशन के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा, प्राचार्य संजय एक्का, संजय श्रीवास्तव, सागर शर्मा, संतोष सूर्यवंशी, कमल सोनकर, समीक्षा गायकवाड़, गोपाल देवांगन, शिखा महाड़िक, पूजा मिश्रा, अजय गोस्वामी, प्रेमलता ठाकुर, सरिता साहू, नीता यादव, अंगेश गंगेले, कैलाश साहू, पुर्णेंद्र बाघमार, पिंकी तारक, नारायण साहू, साक्षी चंद्राकर, जमील अहमद, जितेन्द्र साहू, उपासना भगत, शशिकला सिन्हा, सुलेखा साहू, बबली मांड्रे, निराली यादव शामिल थे। प्रारंभ में प्राचार्य संजय एक्का ने भारत के संविधान और उसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया। क्रीड़ा अधिकारी शिखा महाड़िक के नेतृत्व में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन हिंदी में किया। इंग्लिश मीडियम के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने कक्षा 6वीं की छात्रा पूर्वी साहू के नेतृत्व में अंग्रेजी में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया।



## अमृत सरोवर में मना संविधान दिवस



**नवापारा-राजिम।** परसदा के अमृत सरोवर तालाब में संविधान दिवस मनाया गया। सरपंच माहेश्वरी साहू, रामचंद्र तारक, माधुरी साहू ,टीकू यादव ,योगेश यादव,कमलेश वर्मा, ओमकार यादव,महेंद्र वर्मा ,गिरजा यादव ,जानवी यादव ,तनुप्रिया यादव मौजूद थे। इस अवसर पर सर्वप्रथम डॉक्टर भीमराव अंबेडकर तथा महात्मा गांधी के छायाचित्र में पूजा-अर्चना कर पुष्पमाला पहनाया गया।

## रबी फसल के लिए कृषि विभाग ने किसानों को बांटा मूंगफली का बीज

**मुड़ागांव(कोरासी)।** अकलवारा में कृषि सभापति एवं जनपद सदस्य द्वारा कृषकों को मूंगफली बीज का वितरण गया। उपसंचालक कृषि चंदन कुमार राय के मार्गदर्शन में फसल चक्र अपनाने के लिए रबी एवं ग्रीष्मकालीन धान फसल के स्थान पर दलहन-तिलहन चना, मसूर, मटर, बीज को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग छुरा द्वारा किसानों को बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत अकलवारा में किया गया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (टरफा) योजना अंतर्गत कृषि सभापति प्रहलाद यदु एवं पुष्पा देवानंद सिन्हा जनपद सदस्य, दुर्गा ध्रुव सरपंच के हाथों किसानों को मूंगफली फसल प्रदर्शन हेतु मूंगफली बीज के लिपाक्षी (के 1812) किस्म का वितरण किया गया। कृषि विभाग से शिवा साहू, रोमनलाल ठाकुर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी बीज वितरण में उपस्थित रहें। ग्राम करचाली के 25 किसानों ने भी मूंगफली बीज वितरण किया गया है। किसानों को 40 हेक्टर के लिए बीज वितरण किया गया है। इस मौके पर ग्राम के पुरण सिंह ध्रुव, तीजू निषाद, मणिकराम, प्रेमसिंह निषाद, सुंदर, हरिचंद निषाद, पदम दीवान, दुजराम निषाद, परदेशी निषाद, तीरथ निर्मलकर, पीला राम दीवान, रामजी साहू, पवन कुमार दीवान, लेखराम दीवान, जीवन निर्मलकर, रामू दीवान, देवनारायण साहू, बाबूलाल सेन, दुलम दीवान, गैंद निर्मलकर, भानु साहू, द्वारिका दीवान, ख़ेम सिंह बघेल, संतराम निषाद आदि किसान एवं मोतीलाल ध्रुव, किसान मित्र उपस्थित थे।



